सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि कार्यालय, प्रभारी अधिकारी, केंद्रीय पशु पंजीकरण योजना, 44A/29, चाणक्यपुरी, शीला बाईपास रोहतक द्वारा एक अनुपयोगी वाहन जीप महिंद्रा & महिंद्रा मार्शल (मॉडल 2004) पंजीकरण संख्या GJ 1G 4227 जहाँ है जैसी है की नीलामी दिनाकं 06-01-2023 को प्रात: 11.00 बजे खुली बोली द्वारा की जाएगी ।

इच्छुक व्यक्ति/ फर्म चाहे तो वाहन का निरीक्षण कार्यालय परिसर में दिनाकं 29-12-2022 से 05-01-2023 के बीच प्रात: 10.30 बजे से सायं 05.00 बजे तक कर सकते हैं।

इच्छुक व्यक्ति/ फर्म बोली लगाने से पहले अपना फोटो लगा पहचान पत्र (स्व. प्रमाणित आधार कार्ड / वोटर कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस आदि) और बतौर अमानत राशि रु. 4000/- (रुपये चार हज़ार मात्र) नकद जमा करवाकर नीलामी में भाग ले सकेंगें। नीलामी में केन्द्रीय पशु पंजीकरण योजना, रोहतक के कर्मचारी भाग नहीं ले सकेंगें। जिस व्यक्ति/ फर्म की बोली अधिक होगी, उस व्यक्ति/ फर्म के नाम से बोली छोड़ी जाएगी। बोली छूटने के बाद यदि बोलीदाता को किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो उस पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। जिस व्यक्ति/ फर्म के नाम बोली छुटेगी उस व्यक्ति/ फर्म को कुल बोली की 25 प्रतिशत राशि तुरंत कार्यालय में जमा करवानी होगी। शेष राशि 03 कार्य दिवस के अन्दर जमा करवाकर उक्त वाहन को कार्यालय परिसर से लेकर जाना होगा।

बोली के अन्य नियम व् शर्तें बोली लगाने से पूर्व सूचित कर दी जाएँगी। अगर उपरोक्त पर बिक्री कर/ GST / सरचार्ज तथा अन्य कर इत्यादि लगता है तो वह बोली दाता को अलग से नियमानुसार वहन करना होगा तथा संबंधित कार्यालय में जमा करवाना होगा। बोली में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सरकार द्वारा COVID -19 के बारे में जारी किये गए दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।

प्रभारी अधिकारी, केंद्रीय पशु पंजीकरण योजना, रोहतक को बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है।

2-5/2022/प्रशा. / १५९

दिनाकं 26-12-2022

बलबीर गैना 26/12/22
प्रभारी अधिकारी
केंद्रीय पशु पंजीकरण योजना
रोहतक